आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.03.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' का शुभारम्भ किया। कहा– यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने पौड़ी जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में आज रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक 'अर्थ आवर मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेशवासियों से सभी गैर–जरूरी लाइटों और विद्युत उपकरणों को बंद रखने की अपील की गई है।

..............................................................

<u>राजस्व लोक अदालत</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में 'राजस्व लोक अदालत' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ और प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 400 से अधिक राजस्व न्यायालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने 'सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण और संतुष्टि' के मूल मंत्र के साथ 'राजस्व लोक अदालत' की अभिनव पहल शुरू की है। उन्होंने कहा कि 'न्याय आपके द्वार' की अवधारणा को साकार करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में 210 स्थानों पर एक साथ राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 6 हजार 933 मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत भूमि विवादों के अतिरिक्त आबकारी, खाद्य, स्टाम्प, सरफेसी एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम से संबंधित मामलों का भी समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'विकल्प रहित संकल्प' के साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध और न्यायपूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार के प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

..............................................................

राज्यपाल

पौड़ी भ्रमण के दूसरे दिन आज राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों से संवाद किया तथा उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टरों के व्यवहार के संबंध में जानकारी भी ली। इसके बाद राज्यपाल ने जिला पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने पुस्तकालय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। राज्यपाल ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद और उन्हें सकारात्मक सोच, स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि राज्यपाल का पौड़ी दौरा काफी प्रेरणादायक रहा।

..............................................................

स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण

स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने आज टिहरी जिले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नंदगांव का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ–सफाई और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की। साथ ही उपचाराधीन मरीजों से बातचीत कर उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने प्रत्येक मरीज को बेहतर और समयबद्ध उपचार उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री उनियाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

..............................................................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

..............................................................

अर्थ आवर

प्रदेश सरकार ने आज रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक 'अर्थ आवर मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्रदेशवासियों से एक घंटे के लिए सभी गैर–जरूरी लाइटों और विद्युत उपकरणों को बंद रखने की अपील की गई है। यह पहल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है।

..............................................................

वित्तीय सहायता

वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता के दिशा–निर्देशों के तहत उत्तराखंड को बड़ी आर्थिक राहत और विकास के लिए मजबूत प्रोत्साहन मिला है। इस बार दिशा–निर्देशों में प्राइड हिल्स नाम से एक विशेष प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत पर्वतीय राज्यों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्तराखंड को वित्तीय वर्ष 2026–27 में तीन हजार 460 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन प्राप्त होगा, जो राज्य के बुनियादी ढांचे और समग्र विकास को नई गति देगा। इसके अलावा, राज्य को 765 करोड़ रुपये की अनटाइड फंड्स के रूप में भी सहायता मिलेगी, जिससे राज्य सरकार अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार योजनाओं को लागू कर सकेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और राज्य तेजी से प्रगति की दिशा में अग्रसर है।

..............................................................

चैतोला मेला

चम्पावत जिले में नेपाल सीमा से लगे चमदेवल–गुमदेश का ऐतिहासिक चैतोला मेले का मुख्य पर्व आज मनाया गया। इस अवसर पर मड़ गांव से चमु देवता का डोला मुख्य मंदिर लाया गया। रामनवमी से शुरू होकर तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले में चमू देवता की रथ यात्रा, देवडांगरों द्वारा पूजा–अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जबकि अंतिम दिन पसेरा–व्यापारिक मेला आयोजित होता है, जिसमें क्षेत्र के साथ ही नेपाल से लोग खरीददारी के लिए पंहुचते है। मेला संयोजक हरीश चंद्र कलोनी ने मेले की मान्यता के बारे में जानकारी दी।

वहीं, श्रद्धालुओं ने कहा कि इस मेले में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

..............................................................